दिन–रविवार　　　　　　　　　　　　　　　　　　　　　　दिनांक– 05 / 04 / 2026

प्रसार भारती
(भारत का लोक सेवा प्रसारक)
प्रादेशिक समाचार एकांश
आकाशवाणी, पटना

प्रसारणः– अपराह्न 02:00 बजे से।　　　　　　　　　　　　　　　　　　अवधि – 05 मिनट

मुख्यमंत्री नीतीश कुमार दस अप्रैल को राज्यसभा सांसद के रूप में शपथ लेंगे। भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष संजय सरावगी ने आज कहा कि मुख्यमंत्री के राज्यसभा सदस्य के रूप में शपथ लेने के बाद राज्य के नये मुख्यमंत्री पर फैसला किया जाएगा। श्री सरावगी ने कहा कि भाजपा का केंद्रीय नेतृत्व, एनडीए और मुख्यमंत्री नीतीश कुमार सब मिलकर नये सीएम का फैसला करेंगे।

————————————————————————

केंद्र सरकार ने महिला आरक्षण को लागू करने के लिए सोलह अप्रैल से संसद का तीन दिवसीय विशेष सत्र बुलाया है। भाजपा के वरिष्ठ नेता और पटना साहिब के सांसद रविशंकर प्रसाद ने कहा कि प्रधानमंत्री महिला आरक्षण के लिए पूरी तरह प्रतिबद्ध हैं। श्री प्रसाद ने आज पटना में संवाददाताओं से बातचीत में सभी पार्टियों से इसका समर्थन करने की अपील की।

————————————————————————

कृषि और किसान कल्याण मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने कहा है कि बेमौसम बारिश और ओलावृष्टि से पीड़ित किसानों की हर संभव सहायता की जाएगी। उन्होंने कहा है कि सरकार स्थिति पर नज़र बनाए हुए है और किसानों को हुए नुकसान का जायजा लेने के लिए संबंधित राज्यों के कृषि मंत्रियों के साथ विस्तृत चर्चा की जाएगी। श्री चौहान ने कहा कि स्थिति के आकलन के बाद किसानों को नुकसान का मुआवजा दिया जाएगा।

————————————————————————

मौसम विभाग ने आज राज्य के औरंगाबाद, बांका, भभुआ, गया, जमुई, नवादा और रोहतास जिलों में कुछ स्थानों पर बारिश की संभावना जताई है। इस दौरान धूलभरी आंधी चलने और वज्रपात की भी चेतावनी जारी की गयी है। वहीं, विभाग ने सात अप्रैल को पटना, नवादा, शेखपुरा और जहानाबाद सहित दस से अधिक जिलों में

तेज हवा के साथ बारिश का ऑरेंज अलर्ट जारी किया है। पश्चिमी विक्षोभ के प्रभाव से प्रदेश में अधिकांश स्थानों पर नौ अप्रैल तक तेज हवा के साथ बारिश की संभावना है।

———————————————————————

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने पूर्व उप–प्रधानमंत्री बाबू जगजीवन राम को जयंती पर उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की है। सोशल मीडिया पोस्ट में उन्होंने कहा कि बाबू जगजीवन राम ने अपना जीवन समानता और सामाजिक न्याय के लिए समर्पित कर दिया था। उन्होंने कहा कि पूर्व उप–प्रधानमंत्री का राष्ट्र के प्रति अमूल्य योगदान हमेशा याद किया जाता रहेगा। इधर, पटना में आयोजित राजकीय समारोह में राज्यपाल लेफ्टिनेंट जनरल सेवानिवृत्त सैयद अता हसनैन, मुख्यमंत्री नीतीश कुमार, उप मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी तथा विजय कुमार सिन्हा ने बाबू जगजीवन राम की प्रतिमा पर श्रद्धा सुमन अर्पित की। इस अवसर पर राज्य सरकार के कई मंत्री और गणमान्य लोग उपस्थित थे।

———————————————————————

ईसाई धर्मावलंबी आज ईस्टर का त्योहार मना रहे हैं। इस अवसर पर पटना स्थित पादरी की हवेली सहित प्रदेश के विभिन्न गिरजाघरों में विशेष प्रार्थना सभा और अन्य धार्मिक आयोजन किए जा रहे हैं। इधर, राष्ट्रपति, उपराष्ट्रपति और प्रधानमंत्री ने ईस्टर के अवसर पर देशवासियों को शुभकामनाएं दी हैं। राज्यपाल लेफ्टिनेंट जनरल सेवानिवृत्त सैयद अता हसनैन और मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने भी प्रदेशवासियों को ईस्टर की शुभकामनाएं दी हैं।

———————————————————————

पश्चिम चंपारण जिले के चनपटिया प्रखंड अंतर्गत खैरवा टोला में देर रात भीषण आग लगने से चालीस से अधिक कच्चे घर जलकर राख हो गए। वहीं, अगलगी की घटना में कई मवेशी भी जिंदा जल गए, जिससे ग्रामीणों को भारी नुकसान उठाना पड़ा।

———————————————————————

बेगूसराय जिले के मंसूरचक थाना क्षेत्र के दशरथपुर गांव में पुलिस और एसटीएफ की संयुक्त कार्रवाई में दरभंगा जिला के नगर थाना क्षेत्र में आभूषण लूटकांड के छह अपराधियों को चोरी के आभूषण और हथियार के साथ गिरफ्तार किया गया है।

———————————————————————

कटिहार जिले के कोढ़ा थाना क्षेत्र से पुलिस ने दो अपराधियों को देशी पिस्तौल के साथ गिरफ्तार किया है।

————————————————————————————

इसके साथ ही आकाशवाणी, पटना से प्रसारित प्रादेशिक समाचार का ये अंक समाप्त हुआ।